


# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-15 वृहस्पतिवार, दिनांक-18 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.43 बजे अपराह्न तक ।**

**[1] आसन की घोषणा :-**

आसन द्वारा कहा गया कि दिनांक-11 जुलाई, 2019 को माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र जी का अल्पसूचित प्रश्न संख्या-13 जो खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित था के विषय में मेरे द्वारा स्वयं देखने का नियमन दिया गया था । इस संबंध में आप सभी माननीय सदस्यों को सूचित करना है कि प्रश्नगत विषय पर जाँच के लिए सदन की समिति बनाने का फैसला मेरे द्वारा लिया गया है और सही समय पर समिति का गठन कर दिया जाएगा ।

**[2] प्रश्नकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1586 स्थगित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1591 स्थगित ।
(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1592 ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानांतरित ।
(vi) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1598 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित ।
(vii) 02 तारांकित प्रश्न अपुष्ट ।
(viii) 88 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[3] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, श्री मो० नेमतुल्लाह, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री मो० नवाज आलम एवं श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[4] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री अशोक कुमार सिंह (224)
(iii) श्री मो० नवाज आलम
(iv) श्री मो० नेमतुल्लाह
(v) श्री ललन पासवान
(vi) श्रीमती भागीरथी देवी
(vii) श्री संजीव चौरसिया
(viii) श्री राजेन्द्र कुमार
(ix) श्री समीर कुमार महासेठ
(x) श्री बशिष्ठ सिंह
(xi) श्री सुबोध राय
(xii) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान
(xiii) श्रीमती अमिता भूषण
(xiv) श्री सरोज यादव
(xv) श्री चंदन कुमार
(xvi) श्री सुबेदार दास
(xvii) श्री अचमित ऋषिदेव
(xviii) श्री सुधीर कुमार
(xix) श्री नन्द कुमार राय
(xx) श्री विजय कुमार खेमका
(xxi) श्री रामप्रीत पासवान
(xxii) श्री शमीम अहमद
(xxiii) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(xxiv) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xxv) श्री संजय कुमार तिवारी
(xxvi) श्रीमती रेखा देवी
(xxvii) श्री चन्द्रशेखर
(xxviii) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव
(xxix) श्री शत्रुधन तिवारी
(xxx) डा० अशोक कुमार
(xxxi) श्री जिवेश कुमार
(xxxii) श्री राम विलाश पासवान
(xxxiii) श्री शंभुनाथ यादव
(xxxiv) श्री आनन्द शंकर सिंह
(xxxv) डा० सी०एन० गुप्ता
(xxxvi) श्री फराज फातमी
(xxxvii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, डा० रंजू गीता द्वारा अपने क्षेत्र की समस्या से सदन को अवगत कराया गया ।

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव एवं अन्य आठ सभासदों के सहकारिता विभाग से संबंधित तथा दिनांक-12 जुलाई, 2019 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग श्री राणा रणधीर द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मनीष कुमार एवं अन्य सात सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री मनीष कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री आलोक कुमार मेहता एवं अन्य पाँच सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा पढ़ा गया तथा आसन द्वारा इसे स्थगित करने की घोषणा की गई ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.30 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-12 (गृह विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, निगरानी विभाग तथा निर्वाचन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(ii) श्री मिथिलेश तिवारी

(iii) श्री विजय शंकर दूबे

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद ने आसन ग्रहण किया)

(iv) श्री मो० नेमतुल्लाह

(v) श्री रवि ज्योति कुमार

(vi) श्री शिवचन्द्र राम

(vii) श्रीमती आशा देवी

(viii) श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव

(ix) श्री रामदेव राय

(x) श्री प्रह्लाद यादव

(xi) श्री सुदामा प्रसाद

(xii) श्री सुनील कुमार

(xiii) श्री बशिष्ठ सिंह

(xiv) डा० रामानुज प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् अनुदान की शेष मांगे बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुई ।

**[7] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 44 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-19 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-18.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।